# परीक्षा

## कक्षा –vii

### विषय –हिन्दी

### पाठ -10

### PPT-6(प्रश्नोत्तर )



Website: www.odmegroup.org
Email: info@odmps.org
Toll Free: 1800 120 2316
Sishu Vihar, Infocity Road, Patia, Bhubaneswar- 751024

- अभ्यास के लिए
- मौखिक
- कम-से-कम शब्दों में उत्तर दीजिए
- (क) राजा किसका बहुत आदर करते थे?
- उत्तर –राजा दीवान का बहुत आदर करते थे ।
- (ख) समाचार पत्रों में किसके लिए विज्ञापन निकला ?
- उत्तर -समाचार पत्रों में दीवान के लिए विज्ञापन निकला।
- (ग) बूढ़ा जौहरी किसे कहा गया?
- उत्तर- बूढ़ा जौहरी सरदार सुजानसिंह को कहा गया ।
- (घ) पढ़े-लिखे लोग किस प्रकार के खेल खेलते थे ?
- उत्तर -पढ़े-लिखे लोग ताश-शतरंज का खेल खेलते थे।
- (ङ) सभी उम्मीदवार दिल थामकर क्यों बैठे थे ?
- उत्तर -अपनी किस्मत का फैसला सुनने के लिए सभी उम्मीदवार दिल थामकर बैठे थे।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

# लिखित

- 1. रिक्त स्थान भरिए
- (क)------ सुजानसिंह--------------- देवगढ़ के दीवान थे।
- (ख) उम्मीदवारों ने----हॉकी--------- खेल खेलने का निश्चय किया।

(ग) गाड़ी---अनाज -------- से भरी थी।

- (घ) नारायण ने चाहा तो-----दीवानी ----------- आपको ही मिलेगी।
- 2 किसने, किससे कहा ?
- (क) “मैं तुम्हारी गाड़ी निकाल दूँ?“
- उत्तर -युवक ने किसान से कहा
- (ख) "हुजूर, मैं आपसे कैसे कहूँ?“
- उत्तर - किसान ने युवक से कहा
- (ग) “ अब मुझे कुछ इनाम देना चाहते हो ?
- उत्तर -युवक ने किसान से कहा

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

# 3. जोड़कर लिखिए

- (क) मुंशी प्रेमचंद को (iii) उपन्यास सम्राट कहा जाता है।
- (ख) समाचार पत्रों में (iv ) यह विज्ञापन छपा।
- (ग) पढ़े-लिखे लोग (ii ) ताश एवं शतरंज खेला करते थे।
- (घ) किसान युवक के सामने (i) हाथ जोड़कर खड़ा हो गया।
- 4 सही या गलत लिखिए
- (क) दूसरों की भलाई का कार्य कभी नहीं करना चाहिए ।(गलत )
- (ख) संध्या के समय में राजदरबार सजा था ।(सही )
- (ग) राजा साहब दीवान साहब का अनादर करते थे।(गलत )
- (घ) एक दिन कुछ लोगों ने क्रिकेट खेलने की सोची।(गलत )
- (ङ) किसान घोड़ा गाड़ी चला रहा था ।(गलत )

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

- 5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए
- (क) देवगढ़ रियासत के दीवान का नाम क्या था ?
- उत्तर -देवगढ़ रियासत के दीवान का नाम सुजानसिंह था ।
- (ख) किसान की गाड़ी में क्या भरा था?
- उत्तर -किसान की गाड़ी में अनाज के बोरे भरे थे।
- (ग) गाड़ी कहाँ फँसी थी?
- उत्तर -गाड़ी नाले के कीचड़ में फँसी थी ।
- (घ) किसान ने युवक को धन्यवाद देते हुए क्या कहा ?
- उत्तर -किसान ने युवक को धन्यवाद देते हुए कहा "नारायण चाहेंगे तो दीवानी आप को ही मिलेगी।"
- (ङ) सुजानसिंह ने किसे नया दीवान घोषित किया?
- उत्तर -सुजानसिंह ने पंडित जानकी नाथ को नया दीवान घोषित किया ।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

- 6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक लिखिए
- (क) मुखिया या मुख्य व्यक्ति को कैसा होना चाहिए? दयावान, धर्मवान या कर्मवान? इन तीनों में आपको कौन-सा गुण मुख्य लगता है? लिखिए।
- ( मूल्यपरक प्रश्न )
- उत्तर -इस कहानी को पढ़ने बाद तुलसीदास जी का दोहा याद आता है- "मुखिया मुख सो चाहिए खानपान को
- एक पालै पौसे सकल अंग तुलसी सहित विवेक" अर्थात मुखिया को मुख के समान होना चाहिए, जो आहार का
- सेवन कर पूरे शरीर को पोषक तत्व पहुँचाता है। उसी प्रकार गाँव, राज्य, देश के मुखिया को भी सभी लोगों
- की चिंता करनी चाहिए और उन्हें समानता से देखना चाहिए। समय आने पर गरीबों पर दया दिखानी चाहिए,
- धर्मवान बनना चाहिए, ताकि लोग उनका अनुसरण करें, तो कभी कर्मवान बनना चाहिए। कर्म के महत्व को
- समझते हुए समाज कल्याण का कर्म (कार्य) करना चाहिए। वैसे मुखिया में सारे गुण मौजूद होने चाहिए। मेरे
- अनुसार मुखिया को कर्मवान होना चाहिए, ताकि हर व्यक्ति अपना जीवन निर्वाह कर सके।
- (ख) सद्‌गुणी व्यक्ति सभी का मन जीत लेते हैं। इसके क्या कारण हैं? आपके अनुसार सद्‌गुणी कौन है? ( मूल्यपरक प्रश्न)
- उत्तर -कोई भी व्यक्ति सर्वगुण संपन्न नहीं होता, उसमें कुछ कमियाँ भी होती हैं। लेकिन अच्छे गुणों का हमेशा
- आदर होता है। कारण सद्‌गुणी व्यक्ति 'परांत सुखाय' में विश्वास करता है। स्वयं दुख सह लेता है, पर औरों
- की हमेशा मदद करता है। औरों के सुख में अपना सुख मान लेता है। अपने स्वार्थ, सुख तथा आनंद को
- नज़रअंदाज करके जो औरों के लिए जीता है, वही सद्‌गुणी है।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

# भाषा ज्ञान

- 1. नगर की हर गली में मिठाई वाले का स्वर सुनाई पड़ता है। उपर्युक्त वाक्य में की, में, का इन चिह्नों के कारण वाक्य में पूर्णता आ गई है। इन्हीं संबंध बोधक शब्दों को कारक कहते हैं।
- ने, को, से, को, से, में, पर, हे, अरे ये कारक चिह्न हैं।
- निम्नलिखित वाक्यों में उचित कारक चिह्नों का प्रयोग कीजिए
- (क) राम----ने --------- मोहन------को --------- मारा।
- (ख) पेड़-----पर ----------- फल हैं।
- (ग) गिलास ------में ------------- पानी है।
- (घ) सीता-----से -------------- मुलाकात हुई।
- (ङ) ------अरे ---------------'! तुम कहाँ जा रहे हो।

ODM
EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

# 2. गद्यांश पढ़कर संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए

- अँधेरा हो गया था। इस मैदान से कुछ पर एक नाला था। उस पर कोई पुल न था। पथिकों को नाले में से
- चलकर आना-जाना पड़ता था। एक किसान अनाज से भरी गाड़ी लेकर इस रास्ते से आया। एक तो नाले में
- कीचड़ था, दूसरा नाले की चढ़ाई अधिक थी। इसलिए गाड़ी ऊपर न चढ़ पाती थी। वह कभी बैलों को
- ललकारता, तो कभी हाथ से पहिए को ऊपर धकेलता, लेकिन बोझ अधिक था और बैल कमज़ोर । गाड़ी ऊपर
- ही न चढ़ती। थोड़ी-सी ऊपर चढ़कर वापिस नीचे आ जाती। किसान बार-बार ज़ोर लगाता और बार-बार
- झुंझलाकर बैलों को मारता, लेकिन गाड़ी उभरने का नाम न लेती। बेचारा बार-बार इधर उधर याचना भरी
- दृष्टि से देखता, किंतु कोई सहायक नज़र नहीं आता। अनाज से भरी गाड़ी छोड़कर भी नहीं जा सकता था।
- बड़ी मुसीबत में फँसा हुआ था। इसी बीच खिलाड़ी भी वहाँ से गुज़रने लगे। किसान ने उनकी तरफ़ दयनीय
- दृष्टि से देखा किंतु मेहमानों से मदद माँगने का उसका साहस न हुआ। खिलाड़ियों ने भी उसको देखा, मगर
- देखकर भी अनदेखा कर दिया। उन आँखों में सहानुभूति न थी, स्वार्थ और मद था। प्रेमभाव व उदारता कहीं
- दिखाई नहीं दे रही थी।
- उत्तर -मैदान, गाड़ी, किसान, बैल, अनाज, खिलाड़ी, मेहमान, नाला

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

# 3. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए

- (क) विनती-
- (ख) आदर -
- (ग) परीक्षा-
- (घ) खेल-
- ङ) दिन-
- उत्तर -(क) बच्चों ने अध्यापक से पाठ पढ़ाने की विनती की ।
- (ख) बड़ों का आदर करना चाहिए।
- (ग) परीक्षा से कभी डरना नहीं चाहिए।
- (घ) खेल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं।
- (ङ) आज सोमवार का दिन है।

ODM
EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

# THANKING YOU

# ODM EDUCATIONAL GROUP